दैनिक न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, शुक्रवार 13 अक्टूबर 2023
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर के लिए छह और एसपी के नौ नाम आयोग को भेजा गया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा हटाए गए कलेक्टर, एसपी की जगह नई पोस्टिंग के लिए आज चुनाव आयोग को नामों का पैनल भेज दिया गया है। आज देर रात या फिर कल दोपहर तक चुनाव आयोग कलेक्टर एसपी की पोस्टिंग कर देगा। आयोग को फैसला लेने में जल्दी इसलिए करनी पड़ी क्योंकि कल 13 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बहरहाल आयोग एक पद के लिए तीन नामों का पैनल मांगता है चूंकि आयोग ने दो कलेक्टर को हटाया है इसलिए उनकी जगह, नई पोस्टिंग के लिए 6 आईएएस अधिकारियों के नाम भेजे गए हैं, इसमें 2008 बैच से लेकर 2012 बैच के आईएएस अफसरों के नाम बताया जा रहा है, इसी तरह तीन एसपी के लिए 9 नाम भेजे गये है। सामान्य प्रशासन विभाग को पैनल तैयार करने में मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि 10 आईएएस पहले से ही चार राज्यों में प्रेक्षक बनाये जा चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की भर्ती परीक्षा स्थगित

**रायपुर (आरएनएस)।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 15 अक्टूबर को होने वाली सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर), कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक (नवीन संवर्गी), कनिष्ठ प्रबंधक (2), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (ट्रेजरी विशेषज्ञ), मुख्य लेखापाल, उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि इस परीक्षा के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग से कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव के माध्यम से व्यापम द्वारा अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने पर इस परीक्षा की तिथि पुन: घोषित की जाएगी। यह भर्ती परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित की जा रही है।

### हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा फार्म भरने की तिथियां घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2024 के परीक्षा फार्म भरने की तिथियां घोषित कर दी है। सामान्य शुल्क के साथ परीक्षार्थी 31 अक्टूबर तक फार्म भर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य शुल्क के साथ फार्म भरने की तिथि 10 अक्टूबर से शुरू हो गई है। मंडल के सचिव प्रोफेसर व्ही. के. गोयल ने बताया कि परीक्षार्थी विलंब शुल्क के साथ 01 नवम्बर से 15 नवम्बर तक और विशेष विलंब शुल्क के साथ 16 नवम्बर से 31 नवम्बर तक परीक्षा फार्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वाध्यायी मुख्य एवं अवसर परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थी शासकीय एवं अशासकीय अग्रेषण संस्थाओं के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाईट इन पर उपलब्ध है।

### ट्रेलर ने आरक्षक को रौंदा

**जांजगीर-रायपुर (आरएनएस)।** जांजगीर के पुटपुरा में कोयले से लदे एक ट्रेलर ने बाइक सवार आरक्षक को रौंद दिया। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रेलर सडक़ पर पलट गई। सूत्रों ने बताया कि हादसे में बाइक सवार आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं आरक्षक को रौंदने के बाद अनियंत्रित ट्रेलर भी सडक़ पर पलट गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। हादसा नेशनल हाईवे क्रमांक 49 में हुआ है। बताया जाता है कि आरक्षक पुलिस लाईन जांजगीर में पदस्थ था। वह अपनी बाइक में सवार होकर ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला हुआ था। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# शहर के प्रमुख चौक चौराहों के साथ जिले में प्रवेश करने वाले मार्गों पर पुलिस की सघन जांच पड़ताल जारी

### ❐ एडिशनल एसपी ने देर रात किया इंटर स्टेट बेरियर का निरीक्षण



**रायगढ़।** आसन्न विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिले के भीतर एवं जिले में प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है। बिना जांच-पड़ताल किए किसी भी वाहन एवं व्यक्ति को जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर सभी थाना क्षेत्रों में बाहरी लोगों की शिनाख्त के लिए थाना प्रभारियों द्वारा चेकिंग अभियान भी चला रही है। एसएसपी सदानंद कुमार ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा इंतजाम में कोई चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों को गंभीरता से लेते हुये राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्वयं जांच पर निकलकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। कल दिनांक 11.10.2023 की रात्रि एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा औचक रूप से अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बडमाल चेक किया गया उनके साथ शहर के सभी थाना प्रभारी थे जिसके पश्चात पूरी टीम के साथ एएसपी संजय महादेवा ने शहर के सभी प्रमुख चेक प्वाइंट पर तैनात जवानों को चेक कर उन्हें महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया।

आज शाम एसएसपी सदानंद कुमार शहर के प्रमुख चौक चौराहों का निरीक्षण कर ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा को नवरात्रि एवं आने वाले त्योहारों में यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## कोतवाली पुलिस ने तेज आवाज में बज रहे डीजे को किया जब्त, कोलाहल अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही

### ❐ समझाइश के बाद अब लापरवाह डीजे संचालकों पर पुलिस कर रही कार्यवाही

**रायगढ़।** माननीय उच्चतम न्यायालय/ उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा डीजे संचालकों, हॉटल तथा मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक लिया जाकर ध्वनि प्रदूषण को लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मापदंड, समय की जानकारी दिया गया एवं माननीय न्यायालय के दिशा निर्देशों की समझाइश दी गई थी। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजन में भी माननीय न्यायालय के निर्देशों को प्रसारित किया गया था। समझाइश के दौर के बाद अब पुलिस नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्यवाही करती नजर आ रही है।



दिनांक 11/10/2023 के रात्रि करीब 9:30 बजे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को ढिमरापुर दीनदयाल कॉलोनी में डीजे संचालक द्वारा तेज ध्वनि से संगीत बजाने की सूचना मिली। थाना प्रभारी पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ मौके पर जाकर तस्दीक किये, जहां डीजे संचालक तेज ध्वनि से संगीत बजा रहा था जिससे कॉलोनी के रहवासियों को काफी परेशानी हो रही थी। मौके पर पुलिस अधिकारियों द्वारा पंचनामा तैयार कर डीजे संचालक को नोटिस देकर विधिवत साउंड सिस्टम जिसमें लेपटॉप, मिक्सर मशीन, मॉस्पेट, क्रॉस ओव्हर को जप्त कर थाने लाया गया। डीजे संचालक जगेश्वर प्रसाद नामदेव पिता स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद नामदेव उम्र 50 साल निवासी ढिमरापुर दीनदयाल कॉलोनी रायगढ़ के विरुद्ध थाना कोतवाली में कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के साथ प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, हेमन पात्रे और पेट्रोलिंग स्टाफ कार्यवाही में शामिल थे।

## चक्रधरनगर पुलिस ने तीन स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### ❐ आचार संहिता के प्रभावशील होते ही वारंटियों की धरपकड़ की तेज, जिले में एक ही दिन 21 वारंटी गिरफ्तार



**रायगढ़।** आचार संहिता के प्रभावशील होते ही जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस सघन जांच अभियान चला रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर पुलिस जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रात में पेट्रोलिंग गश्त बढ़ाने के साथ ही आदतन अपराधियों की धरपकड़ कर रही है। थाना प्रभारियों द्वारा लंबित अपराधों में वांछित फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिये टीम बनाकर दबिश दिया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में कल दिनांक 11/10/2023 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के तीन फरार स्थायी – शुभम कौशिक टीवीटावर चक्रधरनगर, सरोज चौहान ग्राम तिलगा, संतूलाल चौहान ग्राम अमलीभौना जूटमिल एवं आबकारी एक्ट में जारी गिरफ्तारी वारंटी- गंगादास मिर्धा निवासी महापल्ली को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। वहीं वारंटियों पर कार्यवाही के क्रम में लैलूंगा पुलिस द्वारा 02 स्थायी वारंटी एवं भूपदेवपुर और खरसिया पुलिस ने 1-1 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार न्यायालय पेश किया गया। कल जिलेभर में 21 स्थायी/ गिरफ्तारी वारंटों की तामिली कर फरार वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा लंबे समय से फरार वारंटियों को जेल दाखिल करने जेल वारंट जारी किया गया है।

### पुलिस की मुस्तैदी से टली बड़ी घटना

## गैस सिलेंडर पर बैठकर ब्लास्ट करने की धमकी दे रहा था मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सकुशल निकाला बाहर



**रायगढ़।** दिनांक 12/10/2023 सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे कॉलोनी के एक क्वाटर में एक युवक स्वयं को रसोई कमरे में बंद कर गैस सिलेंडर को ब्लास्ट के साथ स्वयं को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा है। मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के संज्ञान में आने पर तत्काल पुलिस अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और स्थिति नियंत्रण करने के निर्देश दिए। बिना समय गंवाए मौके पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा, टीआई कोतवाली शनिप रात्रे थाने के स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अनहोनी की संभावना पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर बुला ली थी। रेलवे कॉलोनी के रहवासी बताए कि मकान में बंद युवक (32 साल) की मानसिक स्थिति सही नहीं लगती। युवक उल्टी-सीधी हरकतें करता रहता है। युवक के पिता ने बताया कि उसके पुत्र की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है उसे पहले भी रांची के अस्पताल में दिखा चुके हैं। मौके पर युवक के पिता तथा मौजूद पुलिस अधिकारियों द्वारा घर से बाहर आने की काफी समझाइश और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिये लेकिन युवक बाहर निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था जिस पर पुलिस अधिकारियों द्वारा खतरे को भांप कर मकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर शीघ्र युवक को बाहर निकले। अधिकारियों ने युवक से बातचीत कर उसके मन: स्थिति जानने का प्रयास किये पश्चात उसे कोतवाली पुलिस द्वारा KGH अस्पताल में परीक्षण कराया गया। जहां डॉक्टर के युवक को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताकर मानसिक अस्पताल से उचित इलाज का परामर्श दिया गया जिसके पश्चात परिजन एवं कोतवाली पुलिस द्वारा युवक को राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर में दाखिले के लिए रवाना किया गया है। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को सूझबूझ से मकान से निकलने व स्थिति को नियंत्रित करने में थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, हेमन पात्रे, आरक्षक कोमल तिवारी, गोविंद पटेल, भगवती प्रसाद रत्नाकर तथा आरपीएफ के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## अरपा नदी में बच्चियों की मौत का मामला : हाईकोर्ट ने कहा सिर्फ पेनल्टी से नहीं चलेगा काम, एफआईआर भी दर्ज कराएं

### ❐ 6 नवंबर को होगी अगली सुनवाई



**बिलासपुर (आरएनएस)।** अरपा नदी सेंदरी में तीन बच्चियों की डूबने से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले में सुनवाई शुरू की है. चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने ये निर्देश जारी किया है. अवैध खनन से हुए गड्ढों में भरे पानी में डूबकर सेंदरी के पास तीन बच्चियों की मौत हुई थी. साथ ही अवैध खनन और अरपा की दुर्दशा को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई चल रही है. प्रकरण में अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी.

बता दें, कि कोर्ट की डिवीजन बेंच ने इसके पहले मामले की सुनवाई के दौरान बीते 22 अगस्त को शासन से पूछा था, कि नदी में अवैध खनन रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है. कोर्ट ने कहा था कि सिर्फ पेनल्टी से काम नहीं चलेगा, एफआईआर भी दर्ज कराएं, कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव और खनिज सचिव को शपथपत्र के साथ जवाब देने कहा था. मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एफआईआर के संबन्ध में पूछा तो पता चला, कि अभी तक एफआईआर नहीं हुई है. इस पर कोर्ट ने इस मामले में चिन्हित चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए हैं.

दरअसल, बिलासपुर के सेंदरी के रेत घाट में बीते हरेली के दिन अरपा नदी में नहाने गई 3 बच्चियों की डूबकर मौत हो गई थी, इस मामले में बच्ची के परिजन को 12 लाख रुपये मुआवजा देकर प्रशासन ने जिम्मेदारी पूरी कर ली. मामले की जांच या दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई. जनहित याचिका में कहा गया है कि अरपा नदी में अवैध उत्खनन जानलेवा साबित हो रहा है. रेत उत्खनन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों की भी खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है. याचिका में अरपा के किनारे पौधरोपण करने, अवैध घाटों को बंद करने की मांग की गई है. मामले को लेकर हाईकोर्ट में पिछली बार सुनवाई में खनिज विभाग की ओर से शपथपत्र में बताया गया कि, पिछले दो साल में 654 अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज हुए जिनमें पेनाल्टी लगाई गई है. 6 अवैध खनन के प्रकरणों पर कोनी थाने में एफआईआर भी दर्ज है. जिस पर कोर्ट ने अवैध खनन पर एफआईआर की कम संख्या होने को लेकर सवाल भी उठाए थे.

## रद्द की गई 6 गाड़ियों को किया गया रिस्टोर



**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है । लाजकुरा रेलवे स्टेशन में वर्तमान में स्थित वाई-कर्व को लजकुरा एवं ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनो के मध्य एक नये लोकेशन पर परिवर्तित करने हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है 7 इसके फलस्वरूप तथा कुछ सेक्शन में संरक्षा संबन्धित कार्यो के कारण कुछ गाडिय़ों को रद्द किया गया था 7 यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा निम्न 06 गाडिय़ों को रिस्टोर (पुन: परिचालन) किया गया है।

दिनांक 17 व 18 अक्टूबर 2023 को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

दिनांक 19 व 20 अक्टूबर 2023 को इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

दिनांक 16 व 17 अक्टूबर 2023 को टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

दिनांक 17 व 18 अक्टूबर 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

दिनांक 12 अक्टूबर 2023 से रायपुर से चलने वाली 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू स्पेशल अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

दिनांक 12 अक्टूबर 2023 से दुर्ग से चलने वाली 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू स्पेशल अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

## कलेक्टर एवं एसपी ने स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण

### ❐ मतगणना कक्ष, मतदान सामग्रीए सुरक्षा व्यवस्था व वाहनों के पार्किंग के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**सारंगढ़.बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी आज कृषि मंडी स्थित स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंची। यहां उन्होंने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ईवीएम को रखने के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण करते हुए सामग्री वितरण के लिए आवश्यक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा भी की। मौके पर उन्होंने मतगणना कक्ष का भी निरीक्षण किए। उन्होंने मतदान दलों, रिटर्निंग आफिसर, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में चर्चा करते हुए अतिरिक्त कमरों के अलावा आवश्यकतानुसार उपलब्ध कमरों के उपयोग हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने टॉयलेट, वाशरूम, बिजली की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए उक्त जगह का निरीक्षण किया, साथ ही उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## 30 साल बाद नवरात्रि में बन रहा दुर्लभ संयोग



**रायपुर (आरएनएस)।** शारदीय नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरणों में है। 15 अक्टूबर से प्रारंभ होने इस शक्तिपर्व के लिए देवी मंदिरों में ज्योत-जंवारा, कलश स्थापना की तैयारियां कर ली गई हैं। इस वर्ष करीब 30 साल बाद नवरात्रि में दुर्लभ संयोग बन रहा है।

शारदीय नवरात्रि पर करीब 30 साल बाद अत्यंत दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहा है। इस वर्ष पितृमोक्ष अमावस्या 14 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। इसके अगले दिन से अश्वनी मास का शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो जाएगी। इसके साथ ही शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो जाएगी। 23 अक्टूबर को नवमीं तिथि पर नवरात्रि का समापन होगा। इन नौ दिनों में मां आदिशक्ति की आराधना होगी और मां से सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का आशीर्वाद लिया जाएगा।

जानकारों की माने तो इस वर्ष की नवरात्रि में दुर्लभ संयोग बन रहा है। करीब 30 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है कि शरद नवरात्रि में बुधादित्य योग, शश राजयोग तथा भद्र राजयोग का निर्माण हो रहा है। इस तिगड़ी से आम जनमानस पूरी श्रद्धा-भक्त से मां भगवती की आराधना करता है तो निश्चित रूप से उसे मां की अत्यधिक कृपा प्राप्ति होगी।

**देवी मंदिरों में भव्य तैयारियां :** नवरात्रि को लेकर देवी मंदिरों में भव्य तैयारियां चल रही हैं। देवी मंदिरों में रंग-रोगन के बाद आकर्षक विद्युत झालरों से साज-सज्जा की गई है। वहीं मनोकामना ज्योति कलाश गृहों को भी सजा कर ज्योति प्रज्जवलित करने के लिए तैयार कर लिया गया है। शहर के चौक-चौराहों में माता की प्रतिमा स्थापना के लिए भी जोरदार तैयारियां चल रही हैं। वहीं मूर्तिकारों ने भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

## कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर सीईसी की बैठक में लगेगी मुहर

### ❐ सीएम भूपेश, सिंहदेव, दीपक बैज दिल्ली पहुंचे

### ❐ एआईसीसी मुख्यालय में आज शाम बैठक

**रायपुर (आरएनएस)।** दिल्ली में गुरुवार को सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक रखी गई है, छत्तीसगढ़ कांग्रेस चुनाव समिति और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद सभी 90 सीटों पर सिंगल नाम तय कर लिए गए हैं। इन्हीं नामों पर अंतिम मुहर लगाई जायेगी।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम सिंहदेव बैठक में शामिल होंगे। वह कमेटी के सामने प्रदेश स्तर पर तय किए गए नाम की सूची को रखेंगे, इस बैठक के बाद 15 अक्टूबर को कांग्रेस अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। यह बैठक आज गुरुवार शाम 4:00 बजे से शुरू होगी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली पहुंच चुके हैं।, उम्मीद है डिप्टी सीएम सिंहदेव सीईसी के सदस्य हैं, इसलिए वह पांच राज्यों की होने वाली बैठक में शामिल होंगे। पीसीसी अध्यक्ष कल शाम ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। बता दें कि प्रदेश चुनाव समिति की बैठक छह बार से ज्यादा हो चुकी है वहीं स्क्रीनिंग कमेटी की तीन बार बैठक हो चुकी है, मंगलवार को राजीव भवन में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक शुरू हुई, जो लगभग 3 घंटे चलती रही, वहीं देर रात देर रात स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक शुरू हुई, जिसमें अध्यक्ष अजय माकन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे, देर रात तक प्रत्याशियों के नाम पर मंथन चला और सभी विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के एकल नाम पर अंतिम निर्णय हुआ।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480